# रणजीत टाइम्स

RNI - NO. MPHIN/2015/64585

वर्ष- 11 अंक - 43

साप्ताहिक अख़बार

इंदौर प्रति मंगलवार , 3 दिसम्बर से 9 दिम्बर 2024

पृष्ठ - 8 मूल्य - 2 रु.


## टीआई को डिजीटल अरेस्ट के लिए कॉल आया तो सिपाही से बोले वीडियो बनाओ वायरल करेंगे



ऐसा लगता है कि डिजीटल अरेस्ट करने वालों के निशाने पर इन दिनों इंदौर पुलिस के नम्बर हैं यही कारण है कि कुछ दिनों पहले जहां एडिशनल डीसीपी राजेश दंडोतिया को इस तरह का फर्जी वीडियो कॉल आ चुका है, तो अब पता चला कि परदेशीपुरा टीआई को भी डिजीटल अरेस्ट का कॉल आ चुका खबरों के अनुसार, परदेशीपुरा के थाना प्रभारी पंकज द्विवेदी को 28 नवम्बर को यह व्हाट्सएप कॉल आया था, जिसका खुलासा अब हुआ जब टीआई द्विवेदी को यह कॉल आया तो वे समझ गए कि यह फर्जी कॉल है और उन्होंने एक सिपाही से कहा कि मैं इससे बात करूंगा, आप वीडियो बनाओ जब टीआई ने बात करना शुरू की तो पहले टीआई से फ्रॉड ने नाम पूछा फिर उनके बेटे संस्कार द्विवेदी के बारे में जानकारी ली और कहा कि संस्कार से बात कराओ इस पर टीआई ने इंकार करते हुए कहा कि इस तरह के बहुत कॉल आते हैं और कॉल को डिस्कनेक्ट कर दिया बात खत्म होने के बाद टीआई ने अब वीडियो सोशल मिडिया पर वायरल किया और जनता को इस तरह के फर्जी कॉल से बचने की सलाह दी वहीं नम्बर की जांच कराने में भी टीआई साब जुट गए।

## तूफान के बादल आ रहे हैं...

### दिसंबर के महीने में मौसम का पूर्वानुमान

**मध्य प्रदेश के छिंदवाड़ा, शिवानी और बैतूल में हल्की बारिश होने की संभावना है। इधर उत्तर की बर्फीली हवाएं मध्य प्रदेश की ग्वालियर चंबल और उज्जैन को प्रभावित करेंगी। इसके कारण न्यूनतम तापमान में गिरावट होने की संभावना है।**

एमपी मौसम विभाग की मानें तो दिसंबर में रात का पारा 3 से 4 डिग्री तक पहुंचेगा। कड़ाके की सर्दी की शुरुआत अगले सप्ताह से हो जाएगी। उत्तर-पश्चिमी भारत के ऊपर सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ के असर से दिसंबर में प्रदेश में तापमान तेजी से गिरेगा और ठंड व कोहरे के साथ शीतलहर की स्थिति बनेगी। खास करके मालवा-निमाड़ क्षेत्र में ठंड का असर ज्यादा देखने को मिलेगा। दिसंबर के अंत सप्ताह से लेकर जनवरी महीने में कड़ाके की ठंड पड़ेगी।शीत लहर चलने के साथ मालवांचल के कई जिलों में पाला पड़ने के आसार रहेंगे।



### आसमान में मौसम को प्रभावित करने वाली गतिविधियां

वर्तमान में देश के पश्चिमोत्तर क्षेत्र में जेट स्ट्रीम, पाकिस्तान के आसपास एक पश्चिमी विक्षोभ द्रोणिका के रूप में और हवाओं का रुख उत्तरी एवं उत्तर-पूर्वी बना हुआ है। बंगाल की खाड़ी में बने गहरा अवदाब का क्षेत्र पुडुचेरी के आसपास टकराने के आसार हैं। इन सभी मौसम प्रणालियों के असर से कहीं-कहीं बादल छा रहे हैं और न्यूनतम तापमान में कुछ बढ़ोतरी होने के आसार हैं। उधर, पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से उत्तर भारत के पहाड़ी क्षेत्रों में बर्फबारी, वर्षा होने की भी संभावना है। पश्चिमी विक्षोभ के आगे बढ़ने पर एक बार फिर तापमान में गिरावट होने की संभावना है।

## थाना सीसीटीव्ही सेवा में बेहतर व उत्कृष्ट कार्य करने वाले इंदौर के अधिकारियों/कर्मचारियों को पुलिस कमिश्नर इंदौर ने किया पुरस्कृत

पुलिस की थाना सीसीटीव्ही के सफलतम 1 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम में बेहतर कार्य करने वालों को मिला उनके पूर्ण लगन व मेहनत से कर्तव्यनिष्ठ होने का सम्मान



इंदौर-माननीय उच्चतम न्यायालय के निर्देशानुसार प्रदेश के समस्त थाना/चैकियों में सीसीटीव्ही कैमरो की स्थापना की गई है जिसको 01/12/2023 को गोलाईव किया गया था। थाना सीसीटीव्ही सर्विलांस सिस्टम का एक वर्ष पुर्ण होने पर श्रीमान आयुक्त नगरीय इंदौर द्वारा पुलिस रेडियो की सीसीटीव्ही शाखा कंट्रोल रूम इंदौर में कार्यरत अधिकारी/ कर्मचारियों एवं नगरीय इंदौर के 08 थानों मे कार्यरत कर्मचारियो को उत्कृष्ट पर्यवेक्षण संचालन एवं मेंटेनेंस करने पर प्रमाण पत्र एवं ट्राफी देकर पुरस्कृत किया गया जिसमें श्रीमान अतिरिक्त पुलिस आयुक्त श्री अमित सिंह ,उप पुलिस अधीक्षक (रेडियो) श्री राजिन्दर सिंह वर्मा, प्रभारी रेडियो दुर्गा गर्ग , निरीक्षक रेडियो श्री इंदल सिंह पंडितिया, प्रभारी थाना सीसीटीव्ही सउनि (रेडियो) श्री आनंद प्रकाश पांडे, फर्म प्रतिनिधि आरिफ खान एवं थाना सीसीटीव्ही में कार्यरत समस्त स्टाफ उपस्थित थे।

इस अवसर पर एडिशनल कमिश्नर इंदौर श्री अमित सिंह ने कहा कि माननीय उच्चतम न्यायालय के निर्देशानुसार प्रदेश के समस्त थाना एवं चैकियों में सीसीटीव्ही कैमरे स्थापित किये गये है जिनकी 18 माह की रिकार्डिंग सुरक्षित रखना है तथा सीसीटीव्ही कैमरे,आम जनता एवं पुलिस के लिए भी उपयोगी है ।

# इंदौर की जनता को मिला सब्र का फल



## और... अपने गुरु का किया साक्षात्कार



रणजीत टाइम्स
आदित्य शर्मा

इंदौर।शनिवार को इंदौर के लालबाग में आयोजित सेवा मेले में 'रग-रग में हिंदू मेरा परिचय कार्यक्रम' में व्याख्यान देने पहुंचे बागेश्वर धाम के पंडित धीरेंद्र शास्त्री ने कहा "उनकी हिंदुत्व को लेकर यात्रा बहुत अच्छी रही. देश में भेदभाव और छुआछूत मुक्ति के लिए क्रांति खड़ी हो रही है. देश का हिंदू एक हो रहा है. यूनिटी ऑफ पावर एकता का ही इस दुनिया में बल है. इसलिए हिंदू हर हाल में एक होगा और आज 'हम रग-रग में है हिंदू कार्यक्रम' में इंदौर आए हैं. स्वास्थ्य ठीक नहीं है. बहुत थकावट है लेकिन हिंदुओं के प्रेम ने खींचा है. इंदौर अद्भुत नगरी है, धार्मिक नगरी है."

## हमें एक करोड़ कट्टर हिंदू बनाना है

उन्होंने कहा "हिंदुत्व के अभियान के लिए हमें 100 करोड़ हिंदुओं में से एक करोड़ कट्टर हिंदू चाहिए, जो अपनी सांस्कृतिक विरासत को बचाकर रखें. हिंदुत्व की पुनर्स्थापना हो, यही हमारा उद्देश्य है." क्या हिंदू राष्ट्र की स्थापना होगी? इस सवाल के उत्तर में कहा "जब तक नहीं होगी, तब तक हम घर-घर जाएंगे. गांव-गांव जाएंगे और आप जैसे पढ़े-लिखे लोगों को जगाएंगे. एआई के बाद एचआई की जरूरत है भारत में यानी इंटेलेक्चुअल हिंदू." गौरतलब है पंडित धीरेंद्र शास्त्री कुछ दिनों से हिंदुत्व को लेकर यात्रा निकाल रहे हैं। पंडित धीरेंद्र शास्त्री को कार्यक्रम में शामिल होने के लिए सुबह 11 बजे आना था लेकिन वह शाम 5 बजे पहुंचे. इस दौरान भी उन्होंने मीडिया से बात करते हुए पूरे देश में हिंदुओं को एक करने की बात को दोहराया. बता दें कि पिछले सप्ताह पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने बागेश्वर धाम से लेकर ओरछा धाम तक सनातन हिंदू एकता यात्रा निकाली. इस पदयात्रा में बड़ी संख्या में लोगों ने हिस्सा लिया. फिल्मी दुनिया के साथ ही राजनीतिक क्षेत्र के लोगों ने भी इस यात्रा में बढ़-चढ़कर भाग लिया।



सीएम हेल्पलाइन के लंबित प्रकरणों का

# 7 दिनों में होगा निराकरण

## राजस्व प्रकरण के निराकरण में लापरवाही और उदासीनता नहीं होगी बर्दाश : कलेक्टर श्री सिंह

रणजीत टाइम्स साप्ताहिक अखबार

**जिले में सीएम हेल्पलाइन के तहत दर्ज प्रकरणों के निराकरण के लिए अगले सात दिन तक विशेष अभियान चलाया जाएगा। इस अभियान में 50 दिन से अधिक अवधि के लंबित प्रकरणों के निराकरण को विशेष प्राथमिकता दी जाएगी।**



इन्दौर। कलेक्टर आशीष सिंह ने अधिकारियों को निर्देश दिए है कि इस अवधि में सीएम हेल्पलाइन के अधिक से अधिक प्रकरणों का निराकरण सुनिश्चित किया जाए। अधिकारी अपने-अपने विभाग की रैंकिंग में सुधार लाए। हर विभाग की रैंकिंग 40 से अधिक नहीं हो। 40 से अधिक रैंकिंग आने पर संबंधित विभाग के अधिकारियों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही की जाएगी।

कलेक्टर कार्यालय में कलेक्टर आशीष सिंह की अध्यक्षता में समय-सीमा के पत्रों के निराकरण(टीएल) की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में नगर निगम आयुक्त शिवम वर्मा, जिला पंचायत सीईओ सिद्धार्थ जैन, स्मार्ट सिटी के सीईओ दिव्यांक सिंह, अपर कलेक्टर गौरव बेनल तथा ज्योति शर्मा, इंदौर विकास प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालन अधिकारी आर.पी. अहिरवार, अपर कलेक्टर रोशन राय, राजेन्द्र रघुवंशी, निशा डामोर सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद थे। समीक्षा के दौरान सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों के निराकरण में लापरवाही बरतने पर दो अधिकारियों के विरुद्ध कार्यवाही के निर्देश कलेक्टर आशीष सिंह द्वारा दिए गए। कलेक्टर श्री सिंह ने सामाजिक न्याय विभाग की संयुक्त संचालक सुचिता बेक तिर्की तथा श्रम विभाग की सहायक आयुक्त मेघना भट्ट का एक-एक माह का वेतन राजसात करने के निर्देश दिए। साथ ही लोक सेवा ग्यारंटी अधिनियम के तहत दर्ज प्रकरणों का समय-सीमा में निराकरण नहीं करने पर बिचौली क्षेत्र की तहसीलदार अंकिता वाजपेयी के विरूद्ध पेनल्टी लगाने के निर्देश भी दिए गए। बैठक में उन्होंने विभागवार सीएम हेल्पलाईन के तहत दर्ज प्रकरणों के निराकरण की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि सीएम हेल्पलाइन में जन समस्याएं आती है। इनका निराकरण समय-सीमा में होना अत्यंत जरूरी है। जनता से जुड़ी समस्याओं के निराकरण को विशेष प्राथमिकता दी जाए। सभी अधिकारी प्रतिदिन सीएम हेल्पलाईन के प्रकरणों को देखें और उसी दिन निराकरण की प्रक्रिया प्रारंभ करें। एक भी आवेदन नान अटेंड नहीं रहे। अगर एक भी शिकायत ऐसी मिलती है जिसमें कोई भी कार्रवाई नहीं हुई है तो संबंधित अधिकारी के विरुद्ध कार्रवाई की जायेगी। सीएम हेल्पलाईन और लोक सेवा गारंटी अधिनियम के तहत दर्ज प्रकरणों के बरतने वाले अधिकारियों के विरुद्ध भी सख्त कार्रवाई की जायेगी।

## टी. राजा के समर्थन में उतरीं महू विधायक उषा ठाकुर बोलीं जिनकी मंदिरों में आस्था नहीं, उनका वहा पर क्या काम

**तेलंगाना के विधायक टी. राजा सिंह के महाकाल मंदिर के आसपास केवल हिंदू दुकानदारों की दुकानें होने के बयान का महू विधायक उषा ठाकुर ने समर्थन किया है।**

इंदौर। ठाकुर ने कहा कि जिनकी मंदिरों में आस्था ही नहीं, उनका वहां पर क्या काम है। वहीं, कांग्रेस ने इस मामले में टी राजा के खिलाफ केस दर्ज करने के लिए डीजीपी को पत्र लिखा है। पत्रकारों से चर्चा में ठाकुर ने कहा कि सिंहस्थ की बात हो रही है। गैर हिंदुओं को वहां रोजगार नहीं मिलना चाहिए। जो दुकान धार्मिक स्थलों के आसपास हैं, उसमें एक बड़ा षड्यंत्र प्रतीत होता है। आप अपना वास्तविक नाम छुपाकर काम चला रहे हैं। महाकाल भगवान और देवीजी का फोटो लगा लिया जाता है, लेकिन उसका संचालन कोई और नाम का व्यक्ति करता है। इससे धार्मिक आस्थाएं ध्वस्त होती हैं। लेकिन इस देश में संविधान बहुत सशक्त है, लेकिन आप किसी को धोखा नहीं दे सकते हैं। ठाकुर ने आगे कहा कि 2047 के स्वर्णिम भारत का निर्माण यदि करना है तो सभी राष्ट्रवादी शक्तियों को एक होना पड़ेगा। हमारे जितने भी पुरातत्व और ऐतिहासिक धार्मिक स्थल हैं, मुगलों और अंग्रेजों ने गुलामी के चलते अधिग्रहित किया था, अब जब प्रमाण मिल रहे हैं तो उनका मुक्त होना भी स्वाभाविक है। उन्होंने कहा कि बांग्लादेश में धार्मिक स्थलों को बर्बाद किया जा रहा है, क्या यह सब मानवता के विरुद्ध नहीं है..? वहां की सरकार को इस और ध्यान देना चाहिए।



## आधार कार्ड की तरह ही बनेगा प्रत्येक किसान का फार्मर रजिस्ट्री आईडी कार्ड

**अब इसी कार्ड के आधार पर किसानों को मिलेगा शासकीय योजनाओं का लाभ**

रणजीत टाइम्स

इंदौर। इंदौर जिले में राजस्व महा अभियान का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जा रहा है। इस महा अभियान के तहत किसानों के फार्मर रजिस्ट्री आईडी कार्ड बनाने का कार्य जारी है।

फार्मर रजिस्ट्री कार्ड, आधार कार्ड की तरह बनाया जा रहा है। यह कार्ड किसानों को शासकीय योजनाओं का लाभ लेने के लिए अत्यंत जरूरी है। इस कार्ड से किसानों को सुलभता और पारदर्शी रूप से शासकीय योजनाओं का लाभ आसानी से मिलेगा। कलेक्टर आशीष सिंह ने किसानों से आग्रह किया गया है कि वे 15 दिसंबर तक अपना कार्ड अनिवार्य रूप से बनवा लें। कलेक्टर आशीष सिंह ने राजस्व महा अभियान के तहत फार्मर रजिस्ट्री कार्ड बनाने के कार्य की प्रगति की समीक्षा के लिए राजस्व अधिकारियों की विशेष बैठक ली। रजिस्ट्री आईडी कार्ड अनिवार्य रूप से बन जाएं।

### कैसे बनेगी फार्मर आईडी

कृषक स्वयं उपरोक्त पोर्टल के माध्यम से फार्मर आईडी बनाये जाने की कार्यवाही कर सकते हैं। आगामी समय में फार्मर आईडी अन्य योजनाओं में भी अनिवार्य होगी। वर्तमान में प्रत्येक ग्राम में राजस्व महा अभियान के तहत संबंधित ग्राम के पटवारी एवं युवा कृषक द्वारा ग्रामवार शिविर लगाकर फार्मर रजिस्ट्री का कार्य शासन निर्देशानुसार निःशुल्क किया जा रहा है। जिन कृषकों की फार्मर रजिस्ट्री किया जाना शेष है वे शिविर में उपस्थित होकर अपने ग्राम के पटवारी या युवा कृषक से संपर्क कर अपनी फार्मर रजिस्ट्री निःशुल्क बनवा सकते हैं। साथ ही कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी) में भी कृषक फार्मर रजिस्ट्री बनवा सकते हैं।

### किसानों के लिए कई लाभ

फार्मर रजिस्ट्री से किसानों को कई लाभ होंगे। इससे पीएम किसान योजना की किस्तें सही समय पर और बिना किसी परेशानी के मिल सकेंगी। किसान क्रेडिट कार्ड, एग्रीकल्चर इंफ्रास्ट्रक्चर फंड, कृषि लोन और फसल बीमा जैसे लाभ भी आसानी से मिल सकेंगे। आपदा की स्थिति में किसानों को राहत राशि देने में भी मदद मिलेगी। इसके अलावा न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर खरीदी के लिए भी ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया आसान होगी।

### 15 दिसंबर तक रजिस्ट्रेशन अनिवार्य

फार्मर रजिस्ट्री के तहत किसानों को एक यूनिक आईडी दी जाएगी और उनके खेतों का रिकॉर्ड भी डिजिटल रूप से दर्ज किया जाएगा। इस प्रक्रिया को 15 दिसंबर 2024 तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। दिसंबर माह से पीएम किसान सहित अन्य योजनाओं का लाभ केवल फार्मर आईडी के माध्यम से ही मिलेगा। इसके अलावा किसानों की खतौनी भी ऑनलाइन होगी, जिससे योजनाओं के लिए सत्यापन की प्रक्रिया आसान हो जाएगी।

रणजीत टाइम्स
साप्ताहिक अख़बार

# खबरों का जोखिम



जिला पत्रकार संघ ,झाबुआ के तत्वावधान में ग्रामीण पत्रकारिता की चुनौतियां और खबरों का जोखिम विषय पर परिसंवाद आयोजन पेटलावद के एक निजी होटल में आयोजित किया गया। जिसमें जिले भर की समस्त इकाइयों के 150 से अधिक पत्रकारों ने भागीदारी की।

कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि नगर निरीक्षक पेटलावद दिनेश शर्मा , अतिथि वक्ता लेखक एवं पत्रकार प्रदीप क्षीरसागर ,अलिराजपुर थे। विशेष अतिथि के रूप नगर परिषद पेटलावद की मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती आशा जितेन्द्र भण्डारी एवं डॉ. धर्मेश बघेल उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिले के वरिष्ठ पत्रकार हरेन्द्र शुक्ला ने की ।इस पत्रकार सौहार्द मिलन समारोह की शुरूआत में अतिथियों ने मां सरस्वती के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरूआत की।

अतिथियों का स्वागत जिलाध्यक्ष राजेश सोनी,महासचिव अक्षय भटट,संरक्षक हरिशंकर पंवार ,तहसील पत्रकार संघ कार्यकारी अध्यक्ष निर्मल व्यास, नगरअध्यक्ष जितेश विश्वकर्मा ,पत्रकार गोपाल राठौड,संजय पी लोढा, सत्यनारायणसिंह गौड,मोहन पड़ियार,राकेश गेहलोत मनोज पुरोहित,मुकेश सिसौदिया,कमलेश परमार, लोकेन्द्रसिंह परिहार ,ओपी मालवीय ,दीपक निमजा, पियूप पटवा, धर्मेश सोनी, मनोज गेहलोत ,जैमाल मैडा ,आदि ने किया।


स्वागत भाषण करते हुए जिला पत्रकार संघ के जिलाध्यक्ष राजेश सोनी ने कहा कि जिला पत्रकार संघ जिले के समस्त पत्रकारों का एकमात्र प्रतिनिधि संगठन है जिसमें माही के तट से गुजरात की सीमा तक सभी नगर एवं ग्राम इकाईयों के पत्रकार जुडे है ।यह एक विशाल परिवार है जो अपने सदस्यों के कल्याण के लिए हर स्तर पर सक्रिय है। संघ के महासचिव अक्षय भटट ने कहा कि हम समय समय पर अपने सदस्यों की समस्या निराकरण से लेकर उनकी क्षमतावर्धन के प्रयास करते है। कार्यक्रम में ग्राम और कस्बाई स्तर पर पत्रकारिता में स्थानीय सरोकारों को जीवंत करने में योगदान देने के लिए संगठन की समस्त इकाई के पदाधिकारियों को सम्मानित करते हुए उन्हें अतिथियों के हाथों स्मृति चिंह भेंट किए गए। कार्यक्रम में विशेष अतिथि नगर परिषद पेटलावद की मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती आशा जितेन्द्र भण्डारी ने कहा कि मीडिया का सकारात्मक सहयोग प्रशासन को जन्मोत्मुखी बनाने में सहयोग करता है ।स्थानीय निकाय की अधिकारी के रूप में उन्होंने आशवस्त किया कि पत्रकारों द्वारा उठाए गए मुददे उनकी प्राथमिकता सूची में उपर होगें।

पुलिस प्रशासन के प्रतिनिधि के रूप में उपस्थित नगर निरीक्षक दिनेश शर्मा ने अपने उदबोधन में कहा कि पत्रकार वास्तव में अपनी सकारात्मक सोच से समाज परिवर्तन की क्षमता रखते है ,बुराईयों से लडने की दिषा में पत्रकार एक आन्दोलक भी भूमिका निभाते है । अतिथि वक्ता के रूप में श्री शर्मा ने पत्रकारों को जनचेतना विस्तार का एक प्रमुख घटक बताया । कार्यक्रम में अलिराजपुर जिला की पत्रकारिता के प्रतिनिधि हस्ताक्षर प्रदीप क्षीरसागर ने कहा कि पत्रकारिता में तटस्थ रहकर अपने दायित्वों का निर्वाहन करना एक दुषकर कार्य है ,असल में हम सब समाचार संकलन करते है तब वास्तव में लोकतंत्र को मजबूत करने का काम करते है। उन्होंने कहा कि झाबुआ एवं अलिराजपुर में विकास परक पत्रकारिता की बडी संभावना है ।जिनका दोहन किया जाना चाहिए। उन्होने कहा कि कई बार शीर्षक नकारात्मक भावों को प्रगट करते है ,पत्रकारों को इससे बचना चाहिए । कार्यक्रम में अतिथियों को स्मृति चिंह भेंट कर सम्मानित किया गया । कार्यक्रम का संचालन संगठन के संरक्षक हरिशंकर पंवार ने किया एवं आभार नगर अध्यक्ष जितेश विश्वकर्मा ने व्यक्त किया।

क्या आप भी बनना चाहते हैं
जनता की आवाज ?
तो जुड़िए रणजीत टाइम्स न्यूज़पेपर के साथ
और बनिए जनता की सशक्त आवाज
आपकी खबर, आपकी ताकत!
जुड़ने के लिए अभी संपर्क करें
9827068888, 8224951278



# किताब को लेकर चर्चा



**आदित्य शर्मा**

इंदौर। सांसद संकर ललवानी जी से रणजीत टाइम्स द्वारा की गई उनकी किताब को ले कर चर्चा जब हमारे द्वारा सांसद ललवानी जी से चर्चा की गई तो उनके द्वारा बताया गया कि मेरे द्वारा किताब मोदी मंत्रा लिखी गई हे जिसमें दस वर्षों में मोदी जी द्वारा कोन कौन से कार्य किए हे वही उनके द्वारा बताया गया कि प्रत्येक वर्ष में मोदी जी के विशेष कार्य का उस किताब में जिक्र किया गया हे एवं उस किताब का विमोचन भी मोदी जी द्वारा ही किया गया है। एवं उनके द्वारा नारी शक्ति कार्यक्रम में भी भाग लिया गया एवं कहा गया कि प्रेरणा दायक कार्यक्रम हे इससे प्रत्येक नागरिक को सिख मिलती हे ..!




# पार्टी के लिए लेना होगा अनुमति

## रेव पार्टी, नशा व शराबखोरी को लेकर एएसपी ने जारी किये आदेश

ग्रामीण एसपी के निर्देशन में थाना खुडैल व सिमरोल थाना क्षेत्र के निजी व व्यावसायिक फार्म हाउस, रिसोर्ट व प्राइवेट क्लब संचालकों की बैठक एएसपी द्विवेदी द्वारा लेकर सख्त निर्देश जारी किये गए।

महू/सिमरोल। निर्देशों के तहत अब थाना क्षेत्र के फार्म हाउस व रिसोर्ट में किसी भी प्रकार की पार्टी के लिए संबंधित थाने से विधिवत अनुमति लेना होगी। रेव पार्टी व नशा सहित शराबखोरी पाए जाने की दिशा में फार्म हाउस व रिसोर्ट संचालक के विरूद्ध सख्त कार्यवाही होगी। इसके अलावा भी अन्य कई बिंदुओं पर भी निर्देश जारी किये गए है।

बुधवार को ग्रामीण एसपी हितिका वासल के निर्देशन में थाना खुडैल परिसर में थाना सिमरोल व खुडैल क्षेत्र के रिसोर्ट, प्राइवेट क्लब व फार्म हाउस संचालको की बैठक आहूत की गई। जिसमें तमाम तरह के दिशा निर्देश जारी किये गए है। बैठक में एएसपी रूपेश कुमार द्विवेदी व एसडीओपी उमाकांत चौधरी खुडैल थाना प्रभारी करणी सिंह सक्तावत के साथ सिमरोल थाना प्रभारी अमित कुमार मौजूद थे। बैठक में रिसोर्ट, प्रायवेट क्लब व फार्म हाउस संचालको निर्देशित किया गया कि वें किसी भी फार्म हाउस, रिसोर्ट व प्राइवेट क्लब में किसी भी प्रकार की



रेव पार्टी का आयोजन नहीं कर सकेंगे। फार्म हाउस रिसोर्ट व प्राइवेट क्लब में नशा कारोबार व अवैध गतिविधि संचालित नहीं होना चाहिए। निजी फार्म हाउस में कमर्शियल गतिविधियां संचालित नहीं होना चाहिए। साथ ही सभी को निर्देश दिये गए है कि फार्म हाउस, रिसोर्ट व प्राइवेट क्लब में सीसीटीवी कैमरे लगे होना चाहिए यही पूर्व से लगे हुए है तो सीसीटीवी कैमरे चालू अवस्था में होना चाहिए। आपतकालीन स्थिति से निपटने के लिए उचित अग्नि सुरक्षा उपकरण लगाने तथा फायर एनओसी लेने हेतु निर्देश दिये गये। बैठक के दौरान संचालकों को निर्देशित किया गया कि रात्रि में किसी भी प्रकार का आयोजन न करने तथा आयोजन करने से पूर्व विधिवत अनुमति लेना आवश्यक होगी। बैठक उपरांत संचालको को जारी निर्देशो की प्रति भी सौंपी गई है।

### महू और बड़गोंदा थाना क्षेत्र भी फार्म हाउस

महू शहर के आस पास और बड़गोंदा थाना क्षेत्र में सैकड़ो निजी एवं व्यवसायिक फार्म हाउसों में तमाम तरह की पार्टिया हर दिन जारी है, पूर्व में भी यहां निजी एवं व्यवसायिक फार्म हाउस संचालको को पार्टियां आयोजित करने को लेकर सख्त निर्देश जारी किये गए थे। लेकिन समय के साथ साथ सभी फार्म हाउस संचालको ने नियमों को दरकिनार रख सिर्फ अपनी बूकिंगो पर ध्यान देना उचित समझा। खुडैल थाने पर हुई बैठक के बाद माना जा रहा है कि पुलिस प्रशासन अब महू शहर के आस पास और बड़गौंदा व मानपुर थाना क्षेत्र की सीमा अंतर्गत आने वाले फार्म हाउसो पर सख्ती बरती जाएगी।

# चाकू की नोक पर पर्यटको से लुट

महू। जिले के प्रमुख पर्यटन स्थल एवं बड़गौंदा थाना क्षेत्र के पातालपानी से एक बार फिर लूट की घटना सामने आई है। शनिवार दोपहर पांच छात्र पातालपानी की वादियों को निहारने पहुंचे थे। यहां रेलवे ट्रेक के समीप आज्ञात पांच से छह बदमाशो ने छात्रों को घेर लिया और चाकू की नोक पर पांचो से उनके मोबाइल सहित नगदी छीन ली। बताया जाता है बदमाशो ने छात्रों के अलावा भी अन्य दो युगल जोड़ो के साथ मोबाइल लुट की घटना को अंजाम दिया है। हालांकि इस मामले में छात्र ही बड़गोंदा थाने शिकायत लेकर



पहुंचे है। थाना प्रभारी लोकेन्द्र सिंह हिहोर के मुताबिक मामले में प्रकरण दर्ज कर लिया गया है। आरोपियों की तलाश शुरू कर दी गई है।

## सम्मोहित कर महिला से लूटा मंगलसूत्र और अंगूठी


महू। इंद्रपुरी कॉलोनी निवासी उषा पति गजेंद्र 42 वर्ष को सम्मोहित कर गले का मंगलसूत्र एवं अंगूठी लूट कर ले जाने का मामला सामने आया है। दरअसल दो अनजान महिला भिक्षावृत्ति का स्वांग रचकर इंद्रपुरी निवासी उषा के घर पहुंची थी। पीडिता उषा से दोनों महिलाओं ने पानी पिलाने को कहा जिस पर उन्हें पानी पिलाया गया। इसके बाद उषा को सम्मोहित कर दिया गया जिसके कारण वह कुछ समझ नहीं पाई। लगभग 20 से 25 मिनट बाद जब ध्यान आया की अंगूठी और गले का मंगलसूत्र गायब है तो घटना की जानकारी किशनगंज पुलिस को आवेदन के माध्यम से परिजनों के साथ पहुंच कर दी। मामले में पुलिस जांच कर रही है।

# सड़क दुर्घटना में आईपीएस हर्षवर्धन का निधन

भोपाल। मध्यप्रदेश के जबलपुर निवासी कर्नाटक कैडर के 2023 बैच के आईपीएस हर्षवर्धन का कर्नाटक पुलिस अकादमी से प्रशिक्षण समाप्त कर हसन जिले में अपनी पहली पोस्टिंग के लिए लौटते समय सड़क दुर्घटना में निधन हो गया। वें 4 हफ्ते की ट्रेंनिग के उपरांत पहली पोस्टिंग के लिए आ रहे थे इस दौरान सड़क दुर्घटना के शिकार हो गए। दिवंगत हर्षवर्धन के पिता सिंगरौली जिले के देवसर में एसडीएम। प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आईपीएस हर्षवर्धन के असामयिक निधन पर अपनी संवेदनाएं व्यक्त करते हुए कहा की भारतीय पुलिस सेवा के एक युवा अफसर का इस तरह चले जाना निश्चित ही राष्ट्र के लिए क्षति है।



शोकाकुल परिवारजनों के प्रति उन्होंने गहरी संवेदनाएं व्यक्त की हैं।










# फेसबुक की दुनिया

## पास होकर भी दिल से दूर



आज के समय में सोशल मीडिया ने हमारी जिंदगी का एक अभिन्न हिस्सा बन गया है। फेसबुक, इंस्टाग्राम और व्हाट्सएप जैसे प्लेटफ़ॉर्म ने हमें एक ऐसी आभासी दुनिया दी है जो असल जीवन से कहीं अधिक आकर्षक और जीवंत लगती है। लेकिन क्या यह जुड़ाव सच्चा है? या यह हमें असल रिश्तों और भावनाओं से दूर ले जा रहा है?

### सोशल मीडियाः एक आभासी संसार

फेसबुक ने हमें एक ऐसा मंच दिया जहां हम अपने विचार, तस्वीरें और जीवन के पल साझा कर सकते हैं। लेकिन जैसे-जैसे इस आभासी संसार का दायरा बढ़ा, वैसे-वैसे हमारी असली दुनिया सिमटती गई। फेसबुक की टाइमलाइन पर "लाइक्स" और "कमेंट्स" पाने की होड़ ने हमें इतना व्यस्त कर दिया कि परिवार और दोस्तों के साथ बिताने वाला समय धीरे-धीरे गायब होने लगा। रिश्ते जो कभी गहरे और व्यक्तिगत थे, अब "रीएक्शन" और "शेयर" में बदल गए हैं।

### दिल से दूर होने की वजहें

#### 1. आभासी रिश्तों का मोह

सोशल मीडिया ने हमें ऐसे रिश्ते दिए हैं जो दिखने में असली लगते हैं, लेकिन उनकी गहराई सिर्फ स्क्रीन तक ही सीमित रहती है। इन रिश्तों में खोकर हम अपने असली संबंधों को नज़रअंदाज करने लगे हैं।

#### 2. समय की बर्बादी

स्क्रीन पर बिताया गया हर मिनट हमारे व्यक्तिगत और सामाजिक जीवन से एक कदम दूर ले जाता है। व्हाट्सएप चैट और फेसबुक पोस्ट के बीच, परिवार और दोस्तों के साथ बिताने वाला समय गायब हो गया है।

#### 3. दिखावे का दबाव

सोशल मीडिया पर हर कोई अपनी जिंदगी को बेहतरीन दिखाने में लगा है। इस दिखावे के दबाव ने असल खुशी और संतोष को पीछे छोड़ दिया है।

### दिल से जुड़ने का उपाय

#### 1. डिजिटल डिटॉक्स

सप्ताह में एक दिन सोशल मीडिया से पूरी तरह दूरी बनाएं। इसे अपने परिवार और दोस्तों के साथ बिताएं।

#### 2. असली मुलाकातें

जिनसे आप ऑनलाइन जुड़े हैं, उनसे असल में मिलने की कोशिश करें। एक कप चाय के साथ की गई बातचीत किसी भी चैट से बेहतर होती है।

#### 3. भावनाओं की अभिव्यक्ति

अपने प्रियजनों को बताएं कि वे आपके लिए कितने महत्वपूर्ण हैं। उनके साथ अपने विचार और भावनाएं साझा करें।

### निष्कर्ष

फेसबुक और सोशल मीडिया ने हमें एक साथ तो ला दिया है, लेकिन दिलों की दूरी बढ़ा दी है। अब समय आ गया है कि हम इस आभासी दुनिया से बाहर निकलकर असल जिंदगी की खुशियों को तलाशें। आखिरकार, असली रिश्ते और मुस्कान स्क्रीन के पीछे नहीं, बल्कि हमारे आस-पास की दुनिया में छिपे हैं।

आपका संपादक, गोपाल गावंड
(रणजीत टाइम्स)



# शुरू हुई समर्थन मूल्य पर धान खरीदी

## 2300 प्रति क्विंटल के दाम से बालाघाट मे खीरीदी जायेगी धान

किसानो मे रोष व्याप्त -3100 के भाव की लगा रहे आश

धान उपार्जन के लिए 185 केंद्रों के लिए 9 हजार से अधिक किसानों ने किया स्लॉट बुक

11 सीमावर्ती चैक पोस्ट पर 99 अधिकारियों का अमला रखेंगा नजर



बालाघाट। भारत सरकार द्वारा निर्धारित समर्थन मुल्य पर धान उपार्जन की प्रशासन द्वारा तैयारियां पूरी कर ली गई है। आज सोमवार से जिले के 185 उपार्जन केंद्रों पर 2300 रुपये प्रति क्विंटल पर धान खरीदी प्रारम्भ होगी। जिले में 130810 किसानों ने पंजीयन कराया है। 176420 कुल रकबा है जिनके किसानों ने पंजीयन कराया है। पिछले दिनों इस संबंध में कलेक्टर श्री मीना ने जिला पंचायत सभागृह में खरीदी केंद्रों के प्रभारी और नोडल अधिकारियों को खरीदी के सम्बंध में महत्वपूर्ण निर्देश दिए है। कलेक्टर श्री मीना ने धान खरीदी के सम्बंध में कहा है कि शासन की धान उपार्जन नीति के अनुसार खरीदी की जाएगी। किसानों को समय पर भुगतान, धान का समय पर परिवहन, किसानों के लिए केंद्र पर व्यवस्था और केंद्र के प्रबंधन पर नजरें रहेगी। यह सुनिश्चित करने का कार्य प्रमुखता से केंद्र प्रभारी और नोडल अधिकारी करेंगे।

### जिले में 11 सीमावर्ती पोस्ट पर 9-9 अधिकारी करेंगे चौकसी

धान उपार्जन की निगरानी के लिए कलेक्टर श्री मीना ने जिले की 11 सीमावर्ती चेकपोस्ट पर अधिकारियों की तैनाती के आदेश जारी कर दिए है। इन चेकपोस्ट पर सुबह 8 बजे से दोपहर 4 बजे तक व 4 से रात 12 और 12 से सुबह 8 बजे तक 3-3 शिफ्ट के लिए मंडी सम्बधित समिति तथा पुलिस के जवानों को तैनाती के आदेश जारी कर दिए है। चेक पोस्ट पर सचिव, वनरक्षक व जीआरएस को भी तैनात किया गया है। इसी तरह सभी चेकपोस्ट के लिए अलग से चेकपोस्ट प्रभारी सम्बधित थाना प्रभारी और तहसीलदार को नियुक्त किया गया है। चेकपोस्ट कंजई, मोवाड़, खैरी, नहलेसरा, खैरलांजी, नाटबारिया/कनई, गुडरु, सालेटेकरी,रजेगांव, कुल्पा और रिसेवाड़ा में स्थापित होगी।

### धान उपार्जन के लिए 185 केंद्र निर्धारित

सहायक आपूर्ति अधिकारी सुनील किरार ने जानकारी देते हुए बताया कि आज से प्रारम्भ होने वाले धान उपार्जन के लिए 185 उपार्जन केंद्र बनाए गए है। जिनमें 35 केंद्र ओपन कैप स्तरीय, 16 गोदाम स्तरीय 6 मंडी स्तरीय और 128 समिति स्तरीय केंद्र बनाए गए है। कटंगी में 16, किरनापुर में 18, खैरलांजी में 23, तिरोड़ी में 9, परसवाड़ा में 11, बालाघाट में 20, बिरसा में 12 बैहर में 7, लांजी में 19, लालबर्रा आदि।





Your Exclusive Summer Haven in Our

Farm Houses!

OFFERED AT 499/- Sqft

BOOK NOW 8889066688 8889066681

## विश्व एड्स दिवस के अवसर पर जागरूकता रैली निकाली गई




**धार**। विश्व एड्स दिवस के अवसर पर सोमवार को जिला एड्स नियंत्रण समिति धार द्वारा जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। साथ ही 7 दिसंबर तक संपूर्ण जिले में एड्स के प्रति जागरूकता हेतु विभिन्न कार्यक्रम एवं कार्यशालाएं भी आयोजित होंगी। रैली प्रातः 10 बजे जिला चिकित्सालय से प्रारंभ होकर, कुम्हार गड्डा, बस स्टेण्ड, मोहन टॉकिज चौराहा होते हुए लालबाग पर समाप्त हुई। रैली का शुभारंभ अपर कलेक्टर अश्विन कुमार रावत, मुख्य चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आर. के. शिन्दे एवं सिविल सर्जन जिला चिकित्सालय डॉ. मुकुन्द बर्मन ने हरी झण्डी दिखाकर किया। रैली में ए.एन.एम. ट्रेनिंग सेन्टर, धार कॉलेज ऑफ नर्सिंग के विद्यार्थी हाथ में बैनर-पोस्टर, तख्तीयां लेकर जागरूकता का संदेश देते रहे। रैली में स्वास्थ्य विभाग के समस्त कार्यक्रम अधिकारी, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से कर्मचारी, चिकित्सा अधिकारी, जिला चिकित्सालय के कर्मचारी, ए.एन.एम. ट्रेनिंग सेन्टर के स्टॉफ, जिला एड्स नियंत्रण समिति स्टॉफ, विहान (समग्र) स्टॉफ, जिला क्षय केन्द्र एवं एड्स नियंत्रण समिति के समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे। यह जानकारी जिला एड्स नोडल अधिकारी डॉ. संजय जोशी द्वारा दी गई।

## राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा-2025 परीक्षा केन्द्र, बैठक व्यवस्था का निर्धारण ऑनलाईन पोर्टल के माध्यम से करने के निर्देश जारी

**धार**। परीक्षा नियंत्रक मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग रेसीडेंसी एरिया इन्दौर द्वारा राज्य सेवा एवं राज्य वन प्रारंभिक परीक्षा-2025 के लिये परीक्षा केन्द्र, बैठक व्यवस्था का निर्धारण ऑनलाईन पोर्टल के माध्यम से करने के संबंध में निर्देश जारी किये है। इस संबंध में कलेक्टर प्रियंक मिश्रा ने जिले के संबंधित प्राचार्य तथा केन्द्राध्यक्षों को आयोग द्वारा आयोजित होने वाली परीक्षाओं के लिये परीक्षा केन्द्रों का प्रस्ताव आयोग को प्रेषित करने तथा परीक्षा की बैठक व्यवस्था (वर्तमान स्थिति में) एवं सहमति की जानकारी ऑनलाईन पोर्टल पर दर्ज कर जिला कार्यालय को तत्काल जमा करने के निर्देश दिये है।

## रोजगार मेले में 81 युवाओं का चयन

**धार**। जिला रोजगार कार्यालय, प्राचार्य आय. टी. आय. धार और जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र धार द्वारा सोमवार को रोजगार (युवा संगम) मेले का आयोजन जिला रोजगार कार्यालय आय. टी. आय केम्पस इन्दौर नाका धार में किया गया। जिसमे 112 आवेदकों द्वारा अपना पंजीयन किया गया। जिसमें कुल 81 युवाओं का विभिन्न कंपनियों द्वारा चयन किया गया। इनमें प्रतिमा सिंटेक्स कम्पनी पिथमपुर ने 5, जील फैशन वियर प्रा. लि.ग्राम छायन बदनावर ने 10, एल आय सी कम्पनी ने 13, आदित्य बिरला सन लाईफ इयोरेंस धार ने 5, एस.आर एफ कम्पनी पिथमपुर 14 शक्ति पंप पिथमपुर ने 12, आयसर बग्गड कम्पनी ने 12 और ग्लोबल मैन पावर एण्ड प्लेसमेंट सर्विसेज पिथमपुर ने 10 युवाओं का चयन किया गया।

## महिला सुरक्षा संवाद पखवाड़ा

# हम होगे कामयाब

**धार**। मध्यप्रदेश शासन द्वारा जेंडर आधारित हिंसा की रोकथाम हेतु 25 नवंबर से 30 दिसंबर 2024 तक महिला सुरक्षा संवाद पखवाड़ा ''हम होगे कामयाब'' थीम पर चलाया जार हा है। महिला सुरक्षा संवाद पखवाड़ा अभियान के तहत् कलेक्टर प्रियंक मिश्रा की अध्यक्षता में सोमवार को आयोजित बैठक में सभी संबंधित विभागों को जेंडर आधारित हिंसा की रोकथाम हेतु महिला सुरक्षा संवाद पखवाड़ा ''हम होगे कामयाब'' अभियान के संबंध में अपने-अपने कार्य किये जाने, गतिविधियॉं आयोजित किये जाने हेतु निर्देशित किया। बैठक में श्री मिश्रा द्वारा महिलाओं का कार्य स्थल पर लैंगिक उत्पीड़न (निवारण, प्रतिषेघ और प्रतितोष) अधिनियम 2013 के तहत् जिन संस्थाओं, कार्यालयों जहॉं दस या अधिक अधिकारी, कर्मचारी कार्यरत है को अपने यहॉं अनिवार्यतः आंतरिक परिवाद समिति गठन किये जाने हेतु भी निर्देशित किया। कलेक्टर श्री मिश्रा निर्देश दिये

### आंतरिक परिवाद समिति अध्यक्ष एवं सदस्यों का प्रशिक्षण सम्पन्न

कि समस्त शासकीय व अशासकीय कार्यालय यथा बैंक, विद्यालय, नर्सिंग होम अपने-अपने कार्यालयो में आंतरिक परिवाद समिति गठन करे। जिस संस्थाओं द्वारा अपने यहॉं समिति गठित नही की जाती, उन उन पर 50 हजार रूपये जुर्माना लगाया जाये एवं मान्यता निरस्त किये जाने की कार्यवाही की जाए। इसी प्रकार महिलाओं का कार्य स्थल पर लैंगिक उत्पीड़न (निवारण, प्रतिषेघ और प्रतितोष) अधिनियम 2013 के तहत विभिन्न कार्यालयों में गठित आंतरिक परिवाद समिति के अध्यक्ष एवं सदस्यों का एक दिवसीय प्रशिक्षण का अयोजन किया गया । प्रशिक्षण में सहायक संचालक महिला बाल विकास भारती दांगी द्वारा अधिनियम के प्रावधानों के सबंध में विस्तार से अवगत करवाया गया। जिला कार्यक्रम अधिकारी सुभाष जैन ने बताया कि अधिनियम के तहत् प्रत्येक कार्यालय, संस्था सरकारी, गैर सरकारी में जहॉं दस या उससे अधिक कर्मचारी कार्यरत है, वहॉं आंतरिक परिवाद समिति का गठन किया जाना अनिवार्य है। समिति की अध्यक्षता कार्यालय की वरिष्ठ महिला कर्मचारी करेगी, समिति महिलाओं के उत्पीड़न संबंधी मामलों का निराकरण करेगी तथा ऐसे कार्यालय जहॉं दस से कम कर्मचारी है, ऐसे कार्यालय में किसी महिला के साथ उत्पीड़न या शोषण होता है तो पीड़िता इसकी शिकायत जिला स्तर पर गठित स्थानिय परिवाद समिति के समक्ष प्रस्तुत कर सकती है । कार्यशाला में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अभिषेक चौधरी, मुख्य चिकित्सा एवं एवं स्वास्थ्य अधिकारी, आंतरिक परिवाद समिति की अध्यक्ष ज्योति निघोजकर, सहित स्थानीय व आंतरिक परिवाद समिति के अध्यक्ष एवं सदस्यगण उपस्थित रहे ।

### एमपी ट्रांस को राष्ट्रीय स्तर पर

## प्रतिष्ठित राजभाषा शील्ड से सम्मानित

### मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी को राजभाषा हिंदी में उत्कृष्ट कार्य निष्पादन के लिए राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिष्ठित राजभाषा सम्मान शील्ड से पुरस्कृत किया गया है।

**धार**। यह शील्ड कन्याकुमारी में राजभाषा प्रबंध विकास संस्था नई दिल्ली द्वारा आयोजित हुए हिंदी राजभाषा सम्मेलन में प्रदान की गई है। इस सम्मेलन में भारत की सभी नवरत्न कंपनियों सहित केंद्रीय एवं देश की विभिन्न प्रादेशिक स्तर के शासकीय उपक्रमों के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। तकनीकी स्वरूप के बावजूद राजभाषा में अधिकतम कार्य मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी की ओर से इस सम्मेलन में अधीक्षण अभियंता राजेश दीक्षित ने प्रतिनिधित्व किया। जिनकी उत्कृष्ट प्रस्तुति तथा प्रभावशाली व्याख्यान के कारण मध्य प्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी को यह प्रतिष्ठित और गौरवशाली शील्ड प्राप्त हो सकी। उन्होंने अपने व्याख्यान से सम्मेलन को अवगत कराया कि मध्य प्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी का कार्य क्षेत्र पावर सेक्टर में अत्यंत तकनीकी स्वरूप का है, इसके बावजूद कैसे कंपनी देश की राजभाषा हिंदी के अधिकाधिक उपयोग के लिए गंभीरता से कार्य कर रही है। श्री दीक्षित को आगामी सत्र में सत्र अध्यक्ष का सम्मान देते हुए मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी को यह शील्ड प्रदान की गई।

### ऊर्जा मंत्री ने दी बधाई

इस उपलब्धि पर मध्यप्रदेश के ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने हर्ष व्यक्त करते हुए मध्य प्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी के कार्मिकों को हिंदी में उत्कृष्ट कार्य के लिए यह शील्ड प्राप्त होने पर बधाई दी है। उन्होंने कहा है कि यह मध्य प्रदेश के लिए सम्मान का विषय है कि उसे राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट हिंदी कार्य के लिए एक तकनीकी संस्थान को इतना गौरवशाली और प्रतिष्ठित सम्मान प्राप्त हुआ है। उल्लेखनीय है कि मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी अपने दैनदिन कार्यलायीन कार्यों में हिंदी के उपयोग को प्रोत्साहित करने के लिए लगातार प्रयासरत रही है तथा अधिकांश आदेश और परिपत्र अब हिंदी में ही जारी किये जाते हैं।

### प्रबंध संचालक को सौंपी गई शील्ड

एमपी ट्रांसको के प्रबंध संचालक को यह शील्ड कंपनी के मुख्य अभियंता अतुल जोशी व राजेश दीक्षित के द्वारा सौंपीं गई ।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक गोपाल गावंडे द्वारा पंकज प्रिंटर्स एण्ड पैकेजिंग एल.यू.एन 22 सेक्टर एफ सांवेर रोड़, इण्डस्ट्रीयल एरिया इंदौर म.प्र. एवं जी -1 कॉस्मिक रीजेंसी 117 गोकुल नगर कनाडिया इंदौर म.प्र. से प्रकाशित संपादक गोपाल गावंडे (पी.आर.बी.) एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार (सभी विवादो का न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा )